उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 977 दिनांक /Date.: 26-11-2020

संवाद–63

विषयः– शास्त्री उपाधिधारक अभ्यर्थियों को 'हिन्दी' विषय से सहायक अध्यापक(एल0टी0) का आवेदन पत्र भरने की सुविधा दिये जाने के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

शास्त्री उपाधिधारक कुछ अभ्यर्थियों द्वारा यह अनुरोध किया गया था कि सहायक अध्यापक(एल0टी0) पद पर चयन हेतु वर्तमान में जो आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जा रहा है उसमें शास्त्री उपाधि का विकल्प चुनने के बाद केवल संस्कृत विषय का विकल्प आ रहा है जबकि वे हिन्दी विषय से भी आवेदन करने हेतु अर्ह हैं।

इस पर विचार करते हुये एवं विभागीय नियमावली में समकक्ष योग्यता की अनुमति के दृष्टिगत ऐसे अभ्यर्थियों के लिए **'हिन्दी'** विषय से आवेदन करने का भी विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध करा दिया गया है।

इसके साथ ही अभ्यर्थियों को यह भी स्पष्ट करना है कि कोई उपाधि या विषय नियमावली में दी गयी अर्हता के समकक्ष है उसका प्रमाण अभिलेख सत्यापन के समय प्रस्तुत करने का पहला दायित्व अभ्यर्थी का है। ऐसे प्रमाण पर संबंधित विभाग से परामर्श/निर्णय के बाद ही अभ्यर्थी को चयन/नियुक्ति का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

कृपया समय पर अपना आवेदन कर लें।

26/11

(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड **Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand**

दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com